Chen, J.M.,& Francis-Tan, A. (2021).Setting the Tone: An Investigation of Skin Color Bias in Asia.*Race SocProbl*.https://doi.org/10.1007/s12552-021-09329-0.

Cullity, J. (2002). The global desi: Cultural nationalism on MTV India. *Journal of Communication Inquiry*, 26(4), 408-425.https://doi.org/10.1177/019685902236899.

Dixon, A.R., & Telles, E.E. (2017). Skin color and colorism: Global research, concepts, and measurement. *Annual Review of Sociology*,43, 405–424.

Espino, R., & Franz, M.M. (2002). Latino phenotypic discrimination revisited: The impact of skin color on occupational status. *SocialScience Quarterly*, 83(2), 612–623.

Glenn, E.N. (2008). Yearning for lightness: Transnational circuits in the marketing and consumption of skin lighteners. *Gender &Society*, 22, 281-302.

Goldsmith, A.H., Hamilton, D., & Darity Jr, W. (2007).From dark to light—Skin color and wages among African-Americans.*Journal of Human Resources*, 42(4), 701–738.

Hamilton, D., Goldsmith, A.H., &Darity Jr, W. (2009).Shedding "light" on marriage: The influence of skin shade on marriage for black females.*Journal of Economic Behavior & Organization*,72(1), 30–50.

Harrison, M.S., & Thomas, K.M. (2009). The hidden prejudice in selection: A research investigation on skin color bias. *Journalof Applied Social Psychology*, 39(1), 134-168.https;//doi.org/10.1111/j.1559-1816.2008.00433.x.

Hill, M.E. (2002). Skin color and the perception of attractiveness among African Americans: Does gender make a difference? *Social Psychology Quarterly*, 65(1), 77–91.

Hunter, M. (2007).The persistent problem of colorism: skin tone, status, and inequality.*Sociology Compass*, 1(1), 237–54.

Jha, S., & Adelman, M. (2009).Looking for love in all the White places: A study of skin color preferences on Indian matrimonial and mateseekingwebsites.*Studies in South Asian Film and Media*,1(1), 65-83.https://doi.org/10.1386/safm.1.1.65_1.

Kaur, R. (2002), Viewing the West through Bollywood: A Celluloid Occident in Making.*Contemporary South Asia*, 11(2), 199-209.

Mishra, N. (2015).India and colorism: The finer nuances.*Washington University Global Studies Law Review*, 14 (4), 725–50.

Mittal, J.P. (2006).*History of Ancient India: From 4250 BC to 637 AD447*.Atlantic Publishers.

Monk, E.P., Jr. (2015). The cost of color: Skin color, discrimination, and health among African-Americans. *American Journal of Sociology*,121(2), 396–444.

Painter, M.A., Holmes, M.D., & Bateman, J. (2016).Skin tone, race/ethnicity, and wealth inequality among new immigrants.*SocialForces*, 94(3), 1153–1185.

Perreira, K.M., & Telles, E.E. (2014). The color of health: Skin color, ethnoracial classification, and discrimination in the health of Latin Americans. *Social Science & Medicine*, 116, 241–250.

Rajesh, M."India's Unfair Obsession with Lighter Skin."The Guardian. 14th August, 2013. Retrieved from https://www.theguardian.com/world/shortcuts/2013/aug/14/indias-dark-obsession-fair-skin.

Rondilla, J.L., &Spickard, P. (2007).*Is lighter better? Skin-tone discrimination among Asian Americans*. Maryland: Rowman& Littlefield.

Rosenblum, A., Darity Jr, W., Harris, A.L., & Hamilton, T.G. (2016). Looking through the Shades: The Effect of Skin Color on Earnings by Region of Birth and Race for Immigrants to the United States.*Sociology of Race and Ethnicity*, 2(1), 87–105.https://doi.org/10.1177/2332649215600718.

Sayantan, M.(2020).Darker shades of "fairness" in India: Male attractiveness and colorism in commercials.*Open Linguistics*, 6(1), 225-248. https://doi.org/10.1515/opli-2020-0007.

Sharma, R.S. (2016).*Sudras in Ancient India: A Social History of the Lower Order Down to CircaA.D. 600*.(3rd Edition).MotilalBanarsidass Publishing House.

Telles, E.E. (2004). *Race in another America: The significance of skin color in Brazil*. Princeton University Press.

Thappa, D.M.,&Malathi, M.(2014). Skin color matters in India. *Pigment International*, 1(1), 2–4.Retrieved fromhttps://www.pigmentinternational.com/text.asp?2014/1/1/2/135419.

Utley, T. J., Jr., &Darity, W, Jr. (2016). India's color complex: One day's worth of matrimonials. *The Review of Black PoliticalEconomy*, 43(2), 129-138.

Vasan, A. (2010). Films and TV: Viewing patterns and influence on behaviours of collegestudents.WorkingPaper, No. 13,Population Council, New Delhi.Retrieved from https:// pdfs.semanticscholar.Org/f8e8/9b90e2b 9 10258bd25ec fb6fe46cf4e9740f2.pdf.

Venkataswamy, S. (2013).Transcending gender: advertising fairness cream for Indian men.*Media Asia*, 40(2): 128–38. https://doi.org/10.1080/01296612.2013.11689961.

Villarreal, A. (2010). Stratification by skin color in contemporary Mexico.*American Sociological Review*,75(5), 652-678.https://doi.org/10.1177/0003122410378232.

❑❑❑

Assistant Professor, Dept. of Journalism and Mass Communication, Kumaun University, Nainital, Uttarakhand.

Swar Sindhu: National Peer-Reviewed/Refereed Journal of Music
ISSN 2320–7175 | Volume 09, Issue 02, July-December 2021
http://swarsindhu-pratibha-spandan-org
© The Author(s) 2021
A UGC CARE listed Journal

कुमाऊँ का विशिष्ट लोकनाट्य - रामलीला

REETA PANDEY[1] & DR. GAGANDEEP HOTHI[2]

[1]Research Scholar, Department of Music, D.S.B. Campus, Kumaun University, Nainital, Uttarakhand

[2]Assistant Professor, Department of Music, D.S.B. Campus, Kumaun University, Nainital, Uttarakhand

शोध सार

"रामलीला" को लोकनाट्य के रुप में पूरे भारत वर्ष में विशेष ख्याति प्राप्त है। 'एकता में अनेकता' भारतीय संस्कृति की इस विशिष्टता के कारण यह लोकनाट्य भारत के अनेक राज्यों में अलग-अलग शैली में विद्यमान है। लोक साहित्य को मुख्यतः सात भागों में विभाजित किया जा सकता है- 1. लोकगीत, 2. लोकगाथायें, 3. लोककथायें, 4. कहावतें, 5. मुहावरे, 6. पहेलियाँ, 7. लोकनाट्य। उत्तराखण्ड राज्य में लोकनाट्य को गीत-नाट्य प्रधान माना जाता है। इस राज्य के कुमाऊँ मण्डल में पुरुषोत्तम राम की कथा का मंचन हिंदी के साथ-साथ अपनी क्षेत्रीय बोलियों में भी किया जाता है। इस क्षेत्र में लोक तथा शास्त्र का अदभुत संगम देखने को मिलता है। इसकी मुख्य विशेषता वाद्य यंत्रों के साथ रामचरितमानस का पाठ, चैपाइयों का गायन तथा अभिनय है। रामलीला के मंचन में सारे जगत व कालखण्डों का सत्य निहित है, इससे प्रत्येक जनमानस को जीवन की वास्तविकता का ज्ञान होता है। कुमाऊँ में रामलीला का मंचन अनेक रागों व तालों में किया जाता है। इसकी मुख्य विशेषता श्रुति परम्परा के अनुसार इसका एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में हस्तानान्तरण होना है। कुमाऊँनी रामलीला में सांगीतिक पक्ष अधिक उजागर है, किन्तु नाट्य के अभाव में इस कला का मंचन करना तालविहीन गीत जैसा प्रतीत होता है। रामलीला में प्रभु राम से जुड़े सभी वृत्तान्तों का नाट्य रुप में प्रदर्शन किया जाता है। प्रस्तुत शोध में लोकनाट्य रामलीला का एतिहासिक विवरण व कुमाऊँ के अल्मोड़ा व नैनीताल जिले की रामलीला का उल्लेख किया गया है। इस शोध कार्य में रामलीला में गायी जाने वाली चैपाई के सांगीतिक पक्ष (स्वरलिपि व ताल) पर प्रकाश डाला गया है।

उद्देश्य - कुमाऊँनी लोकनाट्य 'रामलीला' के सांगीतिक पक्ष का अध्ययन करना।

मुख्य शब्द - लोकनाट्य, नाट्यशास्त्र, कुमाऊँ, रामलीला, चौपाई, स्वरलिपि।

कुमाऊँ में रामलीला मंचन का इतिहास

कुमाऊँ की रामलीला का वर्णन करने से पूर्व यहाँ पर नाट्य का उल्लेख करना इस लेख को समझने हेतु उपयुक्त होगा। भरतकृत "नाट्यशास्त्र" नाट्य के विषय पर लिखा गया महत्वपूर्ण ग्रंथ है। नाट्यशास्त्र में यह उल्लेख है कि 'ऋग्वेद' से 'पाठय', 'सामवेद' से 'गीत', 'यजुर्वेद' से 'अभिनय' और 'अथर्ववेद' से 'रस' लेकर 'नाट्य' की रचना हुई है। पाठय, गीत, अभिनय और रस यही चार तत्व नाट्य में माने जाते हैं। इसमें अभिनय तत्व नाट्य में विशेष स्थान रखता है। अभिनय के चार प्रकार कहे गये हैं- 1. आंगिक, 2. वाचिक, 3. सात्विक और 4. आहार्य। नाट्य के संदर्भ में भरत मुनि ने अपने "नाट्यशास्त्र" में कहा है कि कोई एसा ज्ञान, शिल्प, विद्या, कला, योग या कर्म नहीं है जो नाटकों में न दिखाई दे

"न तदज्ञानं न तच्छिल्पं न सा विद्या न सा कला।

न स योगो न स तत्कर्म नाट्येस्मिन यन्न दृश्यते"।। (1,113)[2]

(संकलक- गर्ग लक्ष्मी नारायण, निबन्ध संगीत, पृष्ठ-131)

नाटक का लक्ष्य ही लोकवृत्त का अनुकरण है। त्रैलोक्य के भावों का अनुकीर्तन ही नाटक का विशिष्ट उददेश्य है-

Swar Sindhu: National Peer-Reviewed/Refereed Journal of Music
ISSN 2320–7175 | Volume 09, Issue 02, July-December 2021
http://swarsindhu-pratibha-spandan-org
© The Author(s) 2021
A UGC CARE listed Journal

त्रैलोक्यस्यास्य सर्वस्यं नाट्यं भावानुकीर्तनम‘‘।[3]

(संकलक- गर्ग लक्ष्मी नारायण, निबन्ध संगीत, पृष्ठ-131)

कुमाऊँ में रामलीला का जो चलन है, वह पूरी तरह लोक पक्ष पर आधारित है। यहाँ पर कुमाऊँनी रामलीला का अपना मिजाज है। सन 1957 में उत्तराखण्ड सांस्कृतिक विकास अधिकारी के पद पर रहते हुए रंगकर्मी स्व. ब्रजेन्द्र लाल शाह ने लोक धुनों के आधार पर रामलीला गीत नाटिका की रचना की थी। इन्होंने लोक गीतों की दर्जनों धुनों को टेप रिका ॅर्डर पर संरक्षित किया। इन्हीं धुनों का वर्गीकरण कर इन्होंने कुमाऊँनी रामलीला तैयार की। जिसे रामलीला कमेटी दरकोट, मुनस्यारी में सन् 1982 में ‘‘श्री रामलीला कुमाऊँनी गीत नाटक‘‘ नाम से प्रकाशित किया। यह कार्य कुमाऊँनी संस्कृति व साहित्य को विरासत के रूप में सहेजने हेतु बहुत महत्वपूर्ण है।[4]

कुमाऊँ में प्रचलित रामलीला का सांगीतिक रूप से विशेष महत्व है। पर्वतीय अंचल की रामलीला में ‘रामचरितमानस‘ की प्रत्यक्ष छाप है। कुमाऊँ के प्रसिद्ध इतिहासकार श्री नित्यानंद मिश्र के अनुसार - ‘‘कुमाऊँ की पहली रामलीला का श्रीगणेश अल्मोडा शहर के बद्रेश्वर में स्व. देवीदत्त जोशी जी की प्रेरणा से सन् 1860 में हुआ‘‘।[5] डॉ. त्रिलोचन पाण्डेय के अनुसार - ‘‘कुमाऊँनी रामलीला का आरम्भ सन 1860 के आस पास से माना जाता है। सन 1900 से पहले रामलीला केवल कुमाऊँ के अल्मोडा जिले के बद्रेश्वर में होती थी। इसके बाद इसी शहर के अन्य क्षेत्रों जाखन देवी, नंदा देवी, धारानौला, हुक्का क्लब तथा मुरलीमनोहर आदि स्थानों पर यह रामलीला होने लगी‘‘।[6]

नैनीताल निवासी श्री विश्वम्भर नाथ सखा जी ने कुमाऊँ की रामलीला के बारे में लिखा है - ‘‘चंद्रवंश के राजाओं के उदभव के बाद भी कला ने नया रूप लिया। सुविधानुसार जन संस्कृति ने नवीन परन्तु उन्नत प्रतीकों को अंगीकार किया। कुमाऊँनी संस्कृति में ये नाट्य प्रतीक आज भी कुमाऊँ को विशिष्ट स्थान प्रदान करने में सार्थक हुए हैं। इसलिए इसमें नवीनता, सौंदर्य कला (ध्वनि और लय) एक साथ दृष्टिगोचर होते हैं‘‘।[7]

नैनीताल क्षेत्र में रामलीला का मंचन

जिस प्रकार प्रत्येक स्थान की बोली में परिवर्तन दिखाई देता है, उसी प्रकार हमारी लोक संस्कृति में भी सूक्ष्म परिवर्तन दिखाई देता है। ऐसा ही परिवर्तन यहाँ के विभिन्न क्षेत्रों में होने वाली रामलीला में दृष्टिगोचर होता है। अर्थात बोली, भाषा, वेशभूषा, गायन शैली तथा रामलीला के मंचन में परिवर्तन होता है। परंतु इन सबका आधार एक ही है।

नैनीताल - सन् 1880 में श्री मोती लाल साह के प्रयास से नैनीताल में रामलीला का प्रारम्भ हुआ। प्रारम्भ में रामलीला का अयोजन तथा प्रबंधन में इनके पुत्र लाला दुर्गा साह, अमर नाथ साह तथा कृष्ण साह की भूमिका मुख्य थी। बाद में मल्लीताल तथा तल्लीताल में अलग-अलग रामलीला होने लगी। प्रसिद्ध रंगकर्मी स्व0 तारादत्त सती के निर्देशन में सन् 1974 में सम्पूर्ण रामायण की प्रस्तुति ‘‘गीत नाटक प्रभाग‘‘ के कलाकारों ने की।[8]

नैनीताल के श्री कृष्ण साह के अनुसार - रामलीला प्रस्तुति के दौरान कलाकार पूरे हाव-भाव के साथ छंद तथा चैपाईयों को कई रागों में गाकर इसका अभिनय करते हैं। छंद तथा चैपाईयाँ मुख्यतः पीलू, दरबारी कान्हडा, हमीर, बागेश्री, वृन्दावनी सारंग, भैरवी, मालकौंस, कामोद, शिवरंजनी, दुर्गा, बहार, मल्हार, आदि रागों में गायी जाती है।[9]

Swar Sindhu: National Peer-Reviewed/Refereed Journal of Music
ISSN 2320–7175 | Volume 09, Issue 02, July-December 2021
http://swarsindhu-pratibha-spandan-org
© The Author(s) 2021
A UGC CARE listed Journal

रामलीला का सांगीतिक पक्ष

रामलीला को मुख्य रूप से गीतनाट्य प्रधान माना जाता है। कुमाऊँ की रामलीला में सभी सम्वाद गेय रूप में हैं। इसकी चैपाइयों तथा छन्दों को विभिन्न रागों व तालों में पेश किया गया है। रागों में गाये जाने के कारण यहाँ की रामलीला सम्पूर्ण विश्व में अनूठा स्थान रखती है और साथ ही इस लोकनाट्य के माध्यम से शास्त्रीय संगीत को सहजता से सीखा जा सकता है। यहाँ पर रामलीला मंचन के दौरान राम कैकई के सम्वाद से जुड़ी एक चैपाई की स्वरलिपि तथा ताल चिन्हों का विवरण दिया जा रहा है।

चैपाई (राग-बागेश्री)

राम-कैकई (सम्वाद) - “सुन जननी सोई सुत बड़भागी, जो पितु मातु वचन अनुरागी।

तनय मातु पितु तोश निहारा, दुर्लभ जननी सकल संसारा“।।[10]

अर्थ - हे माता सुनो वही पुत्र बड़भागी है जो पिता माता का अनुरागी पालन करने वाला है। आज्ञा पालन के द्वारा माता-पिता को सन्तुष्ट करने वाला पुत्र, हे जननी सारे संसार में दुर्लभ है।[11]

स्वरलिपि (स्थाई)

x				2				0				3			
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16
								सां	-	-	(सां)	सां	-	नि	-
								सु	ऽ	न	ऽ	ऽ	ज	न	ऽ
ध	प	म	-	म	ध	नि	ध	सां	-	-	(सां)	सां	-	नि	-
नी	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	मो	री	ऽ	सु	ऽ	न	ऽ	ऽ	ज	न	ऽ
ध	प	म	-	म	-	प	म	ग	-	रे	सा	-	रे	सा	-
नी	ऽ	ऽ	ऽ	सो	ऽ	ई	ऽ	सु	ऽ	त	ऽ	ऽ	ब	ड़	ऽ
रे	सा	ऩि	-	सा	-	-	-	सा	ग	रे	सा	ऩि	ऩि	ध़	ऩि
भा	ऽ	ऽ	ऽ	गी	ऽ	ऽ	ऽ	जो	ऽ	ऽ	ऽ	पि	ऽ	तु	ऽ
सा	-	-	-	सा	-	म	-	म	ध	धनिध	म	म	ध	(नि)	ध
मा	ऽ	ऽ	ऽ	तु	ऽ	व	ऽ	च	ऽ	न	ऽ	ऽ	अ	नु	ऽ
म	-	-	-	ग	रे	सा	-								
रा	ऽ	ऽ	ऽ	गी	ऽ	ऽ	ऽ								

Swar Sindhu: National Peer-Reviewed/Refereed Journal of Music
ISSN 2320–7175 | Volume 09, Issue 02, July-December 2021
http://swarsindhu-pratibha-spandan-org
© The Author(s) 2021
A UGC CARE listed Journal

अंतरा

x				2				0				3			
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16
ग	-	मग	ग	ग	-	म	-	ध	-	-	-	नि	-	ध	-
त	ऽ	नऽ	ऽ	य	ऽ	मा	ऽ	ऽ	ऽ	तु	ऽ	पि	ऽ	तु	ऽ
सां	-	-	-	सां	-	-	रें	नि	-	-	ध	सां	-	-	-
तो	ऽ	ऽ	ऽ	ष	ऽ	नि	ऽ	हा	ऽ	ऽ	ऽ	रा	ऽ	ऽ	ऽ
								सां	-	-	-	सां	नि	ध	प
								दु	ऽ	र	ऽ	ऽ	ल	भ	ऽ
ग	-	म	-	ग	रे	सा	-	म	-	मग	पम	ग	-	रे	सा
ज	ऽ	न	ऽ	नी	ऽ	ऽ	ऽ	स	ऽ	कऽ	ऽऽ	ल	ऽ	सं	ऽ
ग्	2	0	3												
रे	ऽ	ऩि	ध़	सा	ऽ	ऽ	ऽ								
सा	ऽ	ऽ	ऽ	रा	ऽ	ऽ	ऽ								

निष्कर्ष

'रामलीला' अखण्ड ज्योति के समान आदि से अनन्त तक प्रज्वलित हैं। इस ज्योति के प्रकाश से आम जनमानस को प्रेरणा मिलती है। इस शोध कार्य के दौरान मुझे यह ज्ञात हुआ कि कुमाऊँ के अतिरिक्त अन्य क्षेत्रों में रामलीला नौटंकी, भाषा-संवाद तथा हाव-भाव के साथ होती है, जबकि कुमाऊँ की रामलीला में नाट्य तत्वों को शास्त्रीय गायन द्वारा प्रस्तुत किया जाता है, जो स्वयं में अद्भुत है।

अल्मोड़ा में रामलीला का गायन कुमाऊँनी बोली में होता है, जो हमारी बोली भाषा के विकास में सहायक है। इसके माध्यम से नयी पीढ़ी का क्षेत्रीय बोली (कुमाऊँनी) के प्रति लगाव व उत्साह बढ़ेगा। इस गायन शैली में अनेक रागों व तालों का संकलन समाहित है। संगीत के विद्यार्थियों के लिए यह अमूल्य खजाना है। इस हेतु सभी संगीत विद्यार्थीयों को रामलीला की चैपाइयों व छंदों से रागों को समझने का प्रयास करना चाहिए और इनका नित्य अभ्यास करना चाहिए।

संदर्भ

1 सम्पादक- शर्मा भुवन, उत्तराखण्ड के लोक नृत्य झोड़ा, चाँचरी, छपेली और छोलिया, पृष्ठ-110
2 संकलक- गर्ग लक्ष्मी नारायण, निबन्ध संगीत, पृष्ठ-131
3 संकलक- गर्ग लक्ष्मी नारायण, निबन्ध संगीत, पृष्ठ-131
4 डॉ. उप्रेती पंकज, कुमाऊँ की रामलीला का अध्ययन एवं स्वरांकन, पृष्ठ-19

Swar Sindhu: National Peer-Reviewed/Refereed Journal of Music
ISSN 2320–7175 | Volume 09, Issue 02, July-December 2021
http://swarsindhu-pratibha-spandan-org
© The Author(s) 2021
A UGC CARE listed Journal

5 डॉ. उप्रेती पंकज, कुमाऊँ की रामलीला का अध्ययन एवं स्वरांकन, पृष्ठ-10
6 डॉ. उप्रेती पंकज, कुमाऊँ की रामलीला का अध्ययन एवं स्वरांकन, पृष्ठ-11
7 डॉ. उप्रेती पंकज, कुमाऊँ की रामलीला का अध्ययन एवं स्वरांकन, पृष्ठ-10,11
8 डॉ. उप्रेती पंकज, कुमाऊँ की रामलीला का अध्ययन एवं स्वरांकन, पृष्ठ-17
9 श्री साह कृष्ण कुमार, साक्षात्कार के आधार पर, राम सेवक सभा, नैनीताल।
10 सम्पादक- पाण्डे शिव, पारम्परिक कुमाऊँनी रामलीला गीत-नाटिका, प्रस्तुति श्री लक्ष्मी भण्डार (हुक्का क्लब) अल्मोड़ा, पृष्ठ-46
11 टीकाकार - पोहार हनुमान प्रसाद, श्रीमदोगोस्वामी तुलसीदासविरचित, श्री रामचरितमानस, पृष्ठ-378

Swar Sindhu: National Peer-Reviewed/Refereed Journal of Music
ISSN 2320–7175 | Volume 09, Issue 02, July-December 2021
http://swarsindhu-pratibha-spandan-org
© The Author(s) 2021
A UGC CARE listed Journal

संत कबीरदास का सामाजिक, सांगीतिक व आध्यात्मिक योगदान

BHASHKER DATT KAPRI[1] & DR. GAGANDEEP HOTHI[2]

1 Research Scholar, Department of Music, D.S.B. Campus, Kumaun University, Nainital, Uttarakhand

2 Assistant Professor, Department of Music, D.S.B.Campus, Kumaun University, Nainital, Uttarakhand

शोध सार

हमारा देश ’भारत’ हमेशा से ही अपनी सांस्कृतिक धरोहर के लिए विश्वविख्यात रहा है। यहाँ अनेक महान् विभूतियों, संत, महापुरुषों, आदि पवित्र आत्माओं का अवतरण समाज के उद्धार हेतु होता आ रहा है। भक्तिकालीन आंदोलन के समय समाज कई सम्प्रदायों में बँट गया था। भगवान और आध्यात्म के नाम पर प्रत्येक वर्ग का अपना आडम्बर व राजनैतिक उथल-पुथल और सामाजिक रूढ़िवादी मान्यताओं का बोलबाला था। समाज में फैली इस असमानता को दूर करने हेतु एक समाज सुधारक व नवीन रचनात्मक व्यक्तित्व की आवश्यकता थी। ऐसे समय में हमारे देश में एक महान् विभूति ’संत कबीर’ का प्रादुर्भाव हुआ जो नवीन चेतना और नवीन दृष्टि से ओत-प्रोत थे। ’आचार्य रामचंद्र शुक्ल जी’ संत कबीर को समाज सुधारक के रुप में ही देखते हैं। संत कबीर जी के चरित्र को समाज सुधारक व भक्तिकालीन कवि के रूप में देखा जा सकता है। आगे चलकर यही महान् ’संत कबीर’ मध्यकालीन भक्ति आंदोलन के प्रवर्तक, हिन्दी साहित्य के नूतन स्तम्भ, भारतीय संत परंपरा के अन्वेषक एवं निर्गुण भक्ति धारा के अनुयायी व प्रचारक रहे। प्रस्तुत शोध पत्र में ’संत कबीर जी’ के सामाजिक, साहित्यिक व सांगीतिक पहलुओं को दिखाने का प्रयास किया गया है।

उद्देश्य - संत कबीर की वाणी को लोक गीतों के माध्यम से उजागर करना।

शैक्षिक निहितार्थ - प्रत्येक काल खण्ड में कबीर द्वारा कही गयी बातें प्रासंगिक हैं जो मानव जीवन को मार्गदर्शित करने का कार्य करती हैं।

मुख्य शब्द - कबीर, सबद, साखी, बिरहुली, हिंडोला, गुरू, चांचर।

भूमिका

संत कबीर के जन्म के विषय में कोई भी जानकारी प्रमाणिक तौर पर उपलब्ध नहीं है। जनश्रुति के आधार पर संत कबीर का जन्म विक्रम संवत् 1455 में ’काशी’ में हुआ। ऐसा माना जाता है कि एक विधवा स्त्री को ’स्वामी रामानन्द’ जी ने पुत्रवती होने का आशीर्वाद दिया जिसके फलस्वरूप विधवा स्त्री को पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई। यह बालक कोई साधारण बालक नहीं थे बल्कि यह बालक थे-’संत कबीर’। जन्म के बाद संत कबीर की माँ लोक-लाज के भय से अपने हृदय के अंश को ’लहरा तारा’ नामक तालाब के किनारे छोड़ आई।[2] (हिन्दी साहित्य का इतिहास, पृ0-143) संयोगवश उसी समय ’नीमा’ और ’नीरू’ नामक निःसंतान जुलाहा दम्पति वहाँ से जा रहे थे, उन्होंने बालक का रुदन सुना और उसे खुदा का करम समझकर अपने साथ ले आये। उन्होंने इस नन्हे बालक का पालन-पोषण पुत्रवत किया, तत्पश्चात् काज़ी से नन्हे शिशु का नामकरण संस्कार अपने धर्म के अनुसार करवाया और बालक का नाम रखा-’कबीर’। अरबी भाषा का शब्द ’कबीर’ का हिंदी शब्दकोश के अनुसार तात्पर्य है - ’महान्’ या ’प्रतिष्ठित’।[3] (वृहत हिंदी शब्दकोष, प्रथम भाग, पृ0-522) संत कबीर के सम्पूर्ण जीवन वृतांत को देखते हुये कह सकते हैं कि संत कबीर ने अपने नाम ’कबीर’ को सही मायनों में सार्थक किया है। ’डॉ. शिवकुमार शर्मा जी’ के अनुसार - ’’कबीर के विषय में अंततः कहा जा सकता है कि संत कबीर का जन्म 1455 में तथा मृत्यु 1575 में ’मगहर’ में हुई।’’[4] (’हिन्दी साहित्य युग और प्रवृत्तियाँ’, डॉ. शर्मा

Swar Sindhu: National Peer-Reviewed/Refereed Journal of Music
ISSN 2320–7175 | Volume 09, Issue 02, July-December 2021
http://swarsindhu-pratibha-spandan-org
© The Author(s) 2021
A UGC CARE listed Journal

शिव कुमार, पृ0-135) हिन्दू-मुस्लिम एकता के परिचायक संत कबीर जन्मे तो ब्राह्मण-हिन्दू परिवार में लेकिन उनका लालन-पालन मुस्लिम परिवार में हुआ। संत कबीर की पत्नी का नाम लोई था। संत कबीर की दो संताने कमाल व कमाली थे। संत कबीर निरक्षर व अशिक्षित थे। उनकी शिक्षा-दीक्षा का माध्यम संत-फकीरों की संगत था। अक्षर ज्ञान के विषय में 'संत कबीर' कहते हैं-

मसि कागद छुयो नहीं, कलम गही नहीं हाथ।

चरिउ जुग को महातम, मुखही जनाई बात।।[5]

संत कबीर ने 'स्वामी रामानन्द जी' से शिष्यत्व प्राप्त किया। 'काशी में हम प्रगट भये हैं, रामानंद चेताये'।[6] (भारतीय संगीत का इतिहास', श्री जोशी उमेश, मानसरोवर प्रकाशन प्रतिष्ठान, आगरा, उ0प्र0, पृ0-222) इस पंक्ति के माध्यम से संत कबीर अपने विषय में कहते हैं कि मैं काशी में ही पैदा हुआ तथा स्वामी जी के आशीर्वाद से मुझे उनके शिष्य होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। संत कबीर स्वयं नहीं लिखते थे। वे जो भी उपदेश या बानी कहते, शिष्य उसे गुरु मंत्र मानकर लिखते रहे। यही कारण है कि संत कबीर की रचनाओं का अद्भुत और विशाल संकलन आज भी साहित्यिक व सांगीतिक रुप से हमारे बीच विद्यमान है।

संत कबीर की रचनाऐं

संत कबीर का काव्य संग्रह 'बीजक' के नाम से विख्यात है। 'बीजक' शब्द का सार है-'गुप्त धन बताने वाली सूची'। 'डॉ. जयदेव सिंह' व 'डॉ. वासुदेव सिंह जी' के अनुसार -''अमृतसर के गुरुद्वारे में भगत कबीरपंथी 'बीजक' को ही पढ़ते हैं।[7] (कबीर वांगमय खण्ड 2 सबद, पृ0-10,11)

'बीजक' में संत कबीर के द्वारा दिये गये उपदेशों और सिद्धांतों का वर्णन प्राप्त होता है। 'बीजक' के तीन खण्ड हैं- 'रमैनी', 'सबद', 'साखी'। 'रमैनी' और 'सबद' में ऐसे पदों का उल्लेख है जो गाने योग्य हैं। सभी गीत ब्रज भाषा में लिखे गये हैं।

सबद - 'सबद' या 'शब्द' कबीर जी ने स्वयं के रचे पदों को कहा है और यह सबद संतों का अमृत तत्व है। संत कबीर ने विरह, प्रेम, उपदेश, चेतावनी आदि रूपों में सबद रचकर मनुष्य को सचेत किया है। 'सबद' का भाव नहीं समझने वालों के लिए संत कबीर लिखते हैं-

''माला पहिरे टोपी पहिरे, छाप तिलक अनुमाना।

साखी सबदी गावत भूले, आतम खबर न जाना।।''[8]

संत कबीर द्वारा रचित सबद (विरह और प्रेम)

गगन की ओट निशाना है।।टेक।।

दहिने सूर चंद्रमा बायें, तिन के बीच छिपाना है।। 1।।

तन की कमान सूरत का रोदा, शब्द बान ले जाना है।। 2।।

मारत बान बिंधा तनही तन, सतगुरू का परवाना है।। 3।।

Swar Sindhu: National Peer-Reviewed/Refereed Journal of Music
ISSN 2320–7175 | Volume 09, Issue 02, July-December 2021
http://swarsindhu-pratibha-spandan-org
© The Author(s) 2021
A UGC CARE listed Journal

माखी बान घाव नहीं तन में, जिन लागा तिन जाना है।। 4।।

कहै कबीर सुनो भई साधो, जिन जाना तिन माना है।। 5।।[9]

(कबीर साहेब की शब्दावली, भाग-1, वर्ष-1922, इलाहाबाद, पृ0-13)

साखी - 'साखी', संस्कृत शब्द 'साक्षी' का अभिप्राय है। सर्वप्रथम 'गुरु गोरखनाथ' तथा 'गुरु नामदेव जी' द्वारा 'साखी गायन' की शुरुआत की गयी। संत कबीर के 'बीजक' में 353 साखियाँ मिलती हैं।[10] साखी एक, दो व तीन पंक्तियों में निबद्ध होती है। अधिकतर साखियाँ दो पंक्तियों में ही होती हैं। इनमें चार चरण होते हैं। साखी में दिये गये उपदेश 'दोहों' में निबद्ध हैं। संत कबीर के दोहों का अंग्रेजी अनुवाद 'गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर जी' ने Hundred Poems Of Kabeer' नामक शीर्षक के अंतर्गत किया है।[11]

गुरुदेव की इस रचना से पूरे पश्चिम बंगाल में संत कबीर की अनुपम छवि दृष्टिगोचर होती है। इसमें धार्मिक शिक्षा और सामाजिक सिद्धांतों के बारे में बताया गया है। संत कबीर द्वारा रचित साखी इस प्रकार है-

साखी

'तुम जिन जानों गीत है, यह जिनज ब्रहम विचार।

केवल कहि समझाया, आतम साधन सार।।

'साखी' आखी ज्ञान की, सतुझि देखि मन माहीं।

बिन साखी संसार का, झगड़ा छूटत नाहीं।।'[12]

(कबीर साहेब की शब्दावली भाग-1, वर्ष-1922, इलाहाबाद, पृ0-13)

'बीजक' के बाद 'गुरु ग्रंथ साहिब' ही ऐसा ग्रंथ है जिसमें संत कबीर की सर्वाधिक रचनायें मिलती हैं। 'आदि ग्रन्थ' में वर्णित रागों के साथ-साथ संत कबीर की साखियों को 243 श्लोकों में भी देखा जा सकता है।[13]

संत कबीर की वाणी तथा पदों को 'गुरु नानक देव जी' (सिक्ख धर्म के प्रथम गुरु) स्वयं उनकी जन्म स्थली 'काशी' से लेकर आये थे। आगे चलकर संत कबीर की रचनाओं को 'गुरु अर्जुन देव जी' ने अपने धार्मिक ग्रंथ 'गुरु ग्रंथ साहिब' में स्थान दिया। इस धार्मिक ग्रंथ में संत कबीर की वाणी का गायन 'रागियों' व 'रबानियों' द्वारा किया जाता है।

निर्गुण भक्ति धारा के श्रेष्ठ कवियों में 'संत कबीर' ऐसे संत हुए जिन्होंने लोकमानस पर जमी हुई धूल को अपनी रचनाओं के माध्यम से दूर करने का प्रयास किया। संत कबीर की भक्ति और काव्य में 'लोक' की छाप दिखाई देती है। लोक संवेदनाओं के प्रति संत कबीर हमेशा से ही सचेत रहे हैं। राग-रागिनीयों की जटिल निबद्धता संत कबीर के पदों में नहीं मिलती।14 (भक्ति काव्य से साक्षात्कार', पालीवाल कृष्णदत्त, पृ0-86) संत कबीर की रचनायें लोकगायकों के माध्यम से लोकप्रिय हुई। संत कबीर की रचनायें शब्द और भाव प्रधान हैं। संगीत का प्रमुख आधार भाव ही है जो संत कबीर की रचनाओं में विद्यमान है। इन्हीं भावों को आधार मानकर संगीतज्ञों ने गायकी के माध्यम से संत कबीर के संदेश को जनमानस तक पहुँचाने का प्रयास किया है। संत कबीर ने अपनी रचनाओं में सांगीतिक पक्ष को भी शामिल किया। परिणामस्वरूप फिल्म जगत, शास्त्रीय व उपशास्त्रीय संगीत गायकों ने इनकी रचनाओं को अपने-अपने अनुसार स्वरबद्ध

Swar Sindhu: National Peer-Reviewed/Refereed Journal of Music
ISSN 2320–7175 | Volume 09, Issue 02, July-December 2021
http://swarsindhu-pratibha-spandan-org
© The Author(s) 2021
A UGC CARE listed Journal

किया। अतः संत कबीर की एक ही रचना को अनेक धुनों में सुना जा सकता है। संत कबीर की रचनाओं को इन रागों में भी निबद्ध किया गया है- राग मंगल, राग गारी, राग झूलना, राग कहरा, राग जँतसार, राग बसंत, राग होली, राग दादरा आदि।[15] (कबीर साहेब की शब्दावली भाग-4, वर्ष-1924, इलाहाबाद, पृ0-1,11,13,14,16)

संत कबीर और पं0 कुमार गंधर्व

संत कबीर की रचनाओं को संगीत जगत के महान गायक ’प0 विभूषण पं0 कुमार गंधर्व जी’ एवं अनेक गायकों ने कई रागों में गाया है। पं0 कुमार गंधर्व जी का शास्त्रीय गायन में ही नहीं अपितु ’लोक संगीत’ में भी अविस्मरणीय योगदान रहा है। शारीरिक व्याधि के चलते चिकित्सकों ने कुमार जी को गायन के लिए मना कर दिया और उन्हें देवास में निवास करना पड़ा।[16] देवास में रहते हुए कुमार जी ने मालवा की लोक धुनों को कई रूपों में सुना और इन लोक धुनों की ओर कुमार जी आकर्षित हुए। लोक गायन के अंतर्गत समाज के सभी पहलू स्वतः ही आ जाते हैं। अतः कुमार जी ने भी ’गीत वर्षा’, ’गीत हेमंत’ तथा ’गीत बसंत’ आदि शीर्षकों के अंतर्गत वर्षा तथा ऋतु से सम्बंधित कई प्रकार की धुनों को रागों में निबद्ध करके गाया।[17] इनके अतिरिक्त लोक में प्रचलित ’भजन गायन’ विधा को भी कुमार जी ने अपने गायन में विशिष्ट स्थान दिया है। देवास में रहते हुये कुमार जी ने कबीरपंथियों द्वारा संत कबीर के पदों को सुना। यहीं से कुमार जी संत कबीर के व्यक्तित्व को समझने और आत्मसात करने लगे और कुमार जी ने एक नवीन आयाम हासिल किया। कुमार जी ने संत कबीर की रचनाओं को पूरी निर्भीकता और फक्कड़पन के साथ गाया है जो संत कबीर के व्यक्तित्व को पूरी स्वतंत्रता के साथ दर्शाता है।[18]

आम तौर पर संत कबीर की रचनाओं का गायन कई कलाकारों ने किया है। यहाँ पर यह कहना उचित होगा कि संत कबीर के पदों का गायन जिस निष्ठा से कुमार जी ने किया है वह स्वयं में आश्चर्यजनक है। कुमार जी के विषय में एक तथ्य यह भी सामने आता है कि शुरूआत में जब कुमार जी संत कबीर के पदों को भजन के रूप में गाते, तो कई प्रसिद्ध आलोचक इनकी आलोचना करते हुये कहते थे कि - ’कुमार जी एक भिखारी का गीत क्यों गा रहे हैं?’ इन सबके बावजूद भी कुमार जी ने संत कबीर को अनवरत गाया। कुमार जी की इसी असीम लगन और निष्ठा के परिणामस्वरूप आज भी संत कबीर कुमार जी की अद्भुत गायकी के रुप में हमारे बीच हैं और हमेशा रहेंगे। कुमार जी द्वारा गाये गये कबीर के भजनों में से कुछ भजनों की सूची निम्नलिखित है - सुनता है गुरु ज्ञानी...... उड़ जाएगा हंस अकेला...... झीनी-झीनी चदरिया...... हिरना समझ बूझ...... नैया मोरी नीके नीके...... अवधूत युगान युगान...... आदि।

संत कबीर की अन्य कृतियाँ

चांचर, वेलि, हिंडोला, करहुली, बसंत, विप्रमतीसी, कहरा, बिरहुली गायन, होली आदि रचनाओं में संत कबीर के लोकानुभव का भान होता है।[19] इन रचनाओं का सूक्ष्म विवरण इस प्रकार है -

चांचर - कबीर ने ’चांचर’ के बारे में बताया है कि यह समूह में गाया जाने वाला गान है जिसे बसंतोत्सव में गाया जाता है। ’चांचर’ को ’चर्चर’, ’चर्चरिका’ आदि नामों से भी जाना जाता है। कबीर ने इस गान को भ्रमण करते हुये लोक परम्परा से खोजा होगा। ’चांचर’ के विषय में कबीर ने लिखा है-

’’कालबूत की हस्तिनी मन बौरा हो’’

’’कम्म अंध गज बसे मन बौरा हो।’’[20]

Swar Sindhu: National Peer-Reviewed/Refereed Journal of Music
ISSN 2320–7175 | Volume 09, Issue 02, July-December 2021
http://swarsindhu-pratibha-spandan-org
© The Author(s) 2021
A UGC CARE listed Journal

('भक्ति काव्य से साक्षात्कार', पालीवाल कृष्णदत्त, पृ0-86)

वेलि - यह उपदेशात्मक काव्य है जिसमें मोह-माया में उलझे प्राणियों को उपदेश दिया गया है। इस रचना के आखिर में 'हो रमैया राम' की टेक दोहरायी जाती है।

संत कबीर की 'वेलि'

हंसा सरवर सरीर में, हो रमैया राम, जगत चोर घर मूसे, हो रमैया राम।

जो जागल सो भागल, हो रमैया राम, सावेत गेल बिगोय, हो रमैया राम।।[21]

हिंडोला - सावन के झूले के प्रेम गीतों को 'हिंडोला' कहते हैं। ये गीत संत कबीर को बहुत प्रिय थे। अतः संत कबीर ने हिंडोला गीतों में आध्यात्मिक रचनाओं का पुट भी शामिल किया।

बसंत - 'बीजक' में संत कबीर द्वारा रचित 'बसंत' शीर्षक के अंतर्गत बारह रचनायें मिलती हैं। यह शैली 'फाग' से मेल रखती है। बसंत ऋतु में फाग गाये जाने के कारण इसे 'फाग काव्य' या 'बसंत काव्य' कहा जाने लगा। 'आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी जी' ने कहा है-''बीजक का बसंत इसी लोक प्रचलित काव्य रुप का अंगीकार है।''[22] ('भक्ति काव्य से साक्षात्कार', पालीवाल कृष्णदत्त, पृ0-86)

विप्रमतीसी - 'विप्रमतीसी' अर्थात् विप्र(ब्राहमण)मती(बुद्धि)तीसी(तीस) अर्थात् तीस चैपाइयों में संत कबीर ने ब्राह्मणों की बुद्धि तथा आम जनमानस पर इसके प्रभाव के बारे में बताया है। वे ब्राह्मणों को सुनाते हैं कि पंडितों की बुद्धि पर कैसे पत्थर पड़ गये हैं जो वे लोगों को मूर्तिपूजा, शास्त्र तथा तीर्थ-यात्रा आदि के चक्करों में रमा रहे हैं और उनका पथ और उद्देश्य दोनों भ्रष्ट कर रहे हैं जबकि सबका मालिक एक ही है।[23] ('भक्ति काव्य से साक्षात्कार', पालीवाल कृष्णदत्त, पृ0-88) संत कबीर की वाणी इसे सिद्ध भी करती है।

''मोको कहाँ ढूँढे रे बन्दे, मैं तो तेरे पास में।

न मंदिर में न मस्जिद में, न काबे कैलाश में।।

खोजि होये तुरत मिल जाऊँ, इक पल की तलाश में।

कहत कबीर सुनो भई साधो, मैं तो हुँ विश्वास में।।''

कहरा - ग्रामीण अंचलों में 'कहार' लोग 'कहरा' गाते हैं और ढोल, मृदंग बजाकर इस गीत पर नृत्य करते हैं। कुछ लोगों ने 'कहरा गीत' को संगीत में प्रयोग होने वाली 'कहरवा ताल' के साथ भी जोड़ा है। 'कहरा' के बारे में संत कबीर लिखते हैं-

''ताल झाँझ मल बाजत आवै, कहरा सम कोई नाचे हो।''[24]

('भक्ति काव्य से साक्षात्कार', पालीवाल कृृष्णदत्त, पृ0-89)

'कहरा गीत' में संत कबीर ने राम-नाम के भजन को प्रमुख तथा अन्य ईश्वर स्तुतियों को व्यर्थ माना है। निम्नलिखित 'कहरा गीत' संत कबीर के लोक प्रचलित गीतों में से एक है-

'कहरा गीत'

Swar Sindhu: National Peer-Reviewed/Refereed Journal of Music
ISSN 2320–7175 | Volume 09, Issue 02, July-December 2021
http://swarsindhu-pratibha-spandan-org
© The Author(s) 2021
A UGC CARE listed Journal

राम नाम को सबहु बीरा, दूरि नाहिं दूरि आसा हो।

और देवका पूजहु बौरे, ई सम झूठी आसा हो।

उपर उ कहा भौ बौरे, भीतर अजदू कारो हो।

तनके बिरघ कहा भौ वौरे, मनुपा अजहू बारो हो।[25]

बिरहुली गायन - भारतीय लोक परम्परा की समृद्धता को समझने के लिए ’बिरहुली गायन’ को देखा जा सकता है। ’बिरहुली’ एक लोकगीत है जिसका गायन साँप द्वारा काटने पर उसके विष को बाहर निकालने हेतु किया जाता है। यह गरुड़ मंत्र का प्राकृत नाम है। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि साँप तो आज भी अस्तित्व में हैं लेकिन ’बिरहुली’ तथा उसके गायक अब नहीं रहे। संत कबीर ने मनरूपी साँप के डंक मारे जाने पर मनुष्य के भीतर जो द्वेष रूपी विष बनता है उसे बाहर निकालने हेतु ’बिरहुली’ गायी है-

’बिरहुली’

आदि अंत नहिं होत ’बिरहुली’। नहिं जरि पलौ पेड़ बिरहुली।

निसु बासर नहिं होत बिरहुली। पावन पानी नहिं भूल बिरहुली।

ब्रहमादिक सनकादि बिरहुली। कथिगेल जोग आपार बिरहुली।

बिसहा मंत्र ने मानै बिरहुली। गरुण बोले आपार बिरहुली।[26]

होली - होली के विषय में जानने के लिए संत कबीर द्वारा विरचित होली का स्वरूप अग्रलिखित है-

होली

सतगुरु संग होरी खेलिये, जा तैं जरा मरन भ्रम जाय।।टेक।।

ध्यान जुगत की करी पिचकारी, छिमा चलावनहार।

आतम ब्रहम जो खेलन लागे, पाँच पच्चीस मँझधार।।

सतगुरु मिले फगवा निज पायो, मारग दियो लखाय।

कहैं कबीर जो यह गति पावे, सो जिव लोक सिधाय।।[27]

(’कबीर साहेब की शब्दावली’ पहिला भाग, वर्श-1922, इलाहाबाद, शब्द(1) पृ0-90)

The Kabir Project के अंतर्गत ’संत कबीर’

सुप्रसिद्ध वृत्तचित्रकार ’शबनम वीरमानी जी’ द्वारा **The Kabir Project** के अंतर्गत ’संत कबीर’ से सम्बधित चार वृत्तचित्र बनाए गये हैं जिनके नाम हैं - ’चलो हमारा देश’, ’हद अनहद’, ’कबीरा खड़ा बाज़ार में’, ’कोई सुनता है’।[28] इनका विवरण इस प्रकार है -

चलो हमारा देश - इस फिल्म में दो लोक गायकों प्रहलाद टिपान्या (भारतीय) व विद्वान लिंडा (अमेरीकी) की संत कबीर से सम्बंधित बातों को एक ही कड़ी से जोड़कर दर्शाया गया है। संत कबीर का देश कौन सा है? कहाँ है? आदि ऐसे प्रश्नों पर चर्चा की गयी है। यह फिल्म तीन भाषाओं हिंदी, मालवी और अंग्रेजी में उपलब्ध है।[29]

हद अनहद - इस फिल्म में गीत व कविता के द्वारा 'संत कबीर के राम' की चर्चा की गयी है। भारत व पाकिस्तान के बीच के शत्रुतापूर्ण व्यवहार के चलते इस फिल्म में संत कबीर के माध्यम से संदेश दिया गया है। यह फिल्म तीन भाषाओं अंग्रेजी, हिंदी, और उर्दू में उपलब्ध है।[30]

कबीरा खड़ा बाज़ार में - प्रस्तुत फिल्म में संत कबीर को पवित्र व धर्मनिरपेक्ष बतलाया गया है। एक दलित गायक प्रहलाद टिपान्या के जीवन वृतान्त पर बनी इस फिल्म में कबीर की कहानी सामने आती है। यह फिल्म तीन भाषाओं हिंदी, मालवी और अंग्रेजी में उपलब्ध है।[31] इस फिल्म को सन् 2011 में बावनवे राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में Special Jury Prize प्राप्त हुआ।

कोई सुनता है - यह फिल्म 'संत कबीर' की लोक संगीत परंपराओं व महान गायक 'पं0 कुमार गंधर्व जी' के जीवन की व्याख्या करते हुए संत कबीर की वाणी में बसी सूक्ष्म ध्वनियों को सुनने का आग्रह करती है। यह फिल्म तीन भाषाओं हिंदी, मालवी और अंग्रेजी में उपलब्ध है।[32]

उपर्युक्त फिल्मों के साथ ही 'शबनम वीरमानी जी' द्वारा The Kabir Project के अंतर्गत ही संत कबीर से सम्बधित कुछ पुस्तकों का भी प्रदर्शन किया गया है, जैसे - 'राजस्थान में कबीर', 'पाकिस्तान में कबीर', 'ठुमरी में कबीर', 'घट घट कबीर', 'मालवा में कबीर', तथा 'अजब शहर'।[33] इन सभी पुस्तकों में संत कबीर के पदों का संकलन है। इन पदों व वाणियों को कई गायक कलाकारों ने अपने मधुर स्वरों से सुसज्जित किया है। अतः सभी पुस्तकों में संग्रहित रचनाओं को सी0डी0 के माध्यम से भी सुना जा सकता है।

ठुमरी में कबीर - प्रस्तुत पुस्तक में संत कबीर के पदों का संकलन द्विभाषिक रुप में है। 'विदुषी विद्या राव जी' द्वारा संत कबीर के पदों का गायन 'ठुमरी गायन विधा' के रुप में किया गया है। 'ठुमरी में कबीर' पुस्तक की सी0डी0 भी उपलब्ध है जिसमें संत कबीर के छः पदों का संकलन है। 'ठुमरी' के अंतर्गत संत कबीर की वाणी का गायन वास्तव में सभी संगीत प्रेमियों व संगीत जगत के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है।[34]

निष्कर्ष

भारतवर्ष में शायद ही ऐसा कोई व्यक्ति होगा जो संत कबीर के जीवन, व्यक्तित्व व उनके सिद्धांतों से प्रेरित न हुआ हो। आपकी वाणी में इतनी गहराई है कि इससे समाज के प्रत्येक वर्ग को जीवन का सार समझने की प्रेरणा मिली और मिलती रहेगी। भिन्न-भिन्न प्रान्तों के व्यक्ति विशेष ने आपके शब्दों को गुरुमंत्र मानकर अपनी-अपनी भाषाओं व धुनों में अपनाया है। आपके द्वारा कही गयी बातों की प्रासांगिकता सभी कालखण्डों में विशिष्ट स्थान रखती है। आपकी रचनायें छंदों में निहित हैं जो हमारे हिन्दी साहित्य तथा संगीत जगत के लिए अविस्मरणीय हैं। आपकी रचनायें छंद, भावों और रसों से परिपूर्ण हैं जो संगीत के आधारभूत तत्व हैं। अतः संगीत कला के सभी रसिकों ने आपकी रचनाओं को पूर्ण निष्ठा व समर्पण के साथ अनेक रुपों में गाया है। आपका व्यक्तित्व हमेशा से ही प्रभावशाली रहा है। आपके व्यक्तित्व पर अनेक पुस्तकें व कई फिल्में बनाई जा चुकी हैं। साथ ही इस तकनीकी दौर में हमारे कई गुणीजनों व कलाकारों द्वारा

Swar Sindhu: National Peer-Reviewed/Refereed Journal of Music
ISSN 2320–7175 | Volume 09, Issue 02, July-December 2021
http://swarsindhu-pratibha-spandan-org
© The Author(s) 2021
A UGC CARE listed Journal

आपकी रचनाओं को दृश्य-श्रव्य माध्यमों से भी देखा व सुना जा सकता है। अतः यह हम सभी के लिए अत्यंत ही लाभप्रद व पे्ररणादायक है।

संदर्भ

1 http://www.setumag.com/2017/09/Saket-Sahay-Article-Kabir.html
2 हिन्दी साहित्य का इतिहास, पृ0-143
3 वृहत हिंदी शब्दकोष, प्रथम भाग, पृ0-522
4 ’हिन्दी साहित्य युग और प्रवृत्तियाँ’, डॉ. शर्मा शिवकुमार, पृ0-135
5 http://ignca.nic.in/coilnet/kabir055.htm
6 ’भारतीय संगीत का इतिहास’, श्री जोशी उमेश, मानसरोवर प्रकाशन प्रतिष्ठान, आगरा, उ0प्र0, पृ0-222
7 कबीर वांगमय खण्ड 2 सबद, पृ0-10,11
8 http://ignca.nic.in/coilnet/kabir055.htm
9 कबीर साहेब की शब्दावली, भाग-1, वर्श-1922, इलाहाबाद, पृ0-13
10 http://ignca.nic.in/coilnet/kabir055.hm
11 http://www.setumag.com/2017/09/Saket-Sahay-Article-Kabir.html
12 कबीर साहेब की शब्दावली भाग-1, वर्ष-1922, इलाहाबाद, पृ0-13
13 http://ignca.nic.in/coilnet/kabir055.htm
14 भक्ति काव्य से साक्षात्कार’, पालीवाल कृष्णदत्त, पृ0-86
15 कबीर साहेब की शब्दावली भाग-4, वर्ष-1924, इलाहाबाद, पृ0-1,11,13,14,16
16 https://www.culturalindia.net/indian-music/classical-singers/kumar-gandhar
17 https://kumarji.com/
18 https://thewire.in/culture/when-kumar-gandharva-fearlessly-sings-kabirs-formless-form
19 http://ignca.nic.in/coilnet/kabir055.htm
20 ’भक्ति काव्य से साक्षात्कार’, पालीवाल कृष्णदत्त, पृ0-86
21 http://ignca.nic.in/coilnet/kabir055.htm
22 ’भक्ति काव्य से साक्षात्कार’, पालीवाल कृष्णदत्त, पृ0-86
23 ’भक्ति काव्य से साक्षात्कार’, पालीवाल कृष्णदत्त, पृ0-88
24 ’भक्ति काव्य से साक्षात्कार’, पालीवाल कृष्णदत्त, पृ0-89
25 http://ignca.nic.in/coilnet/kabir055.htm
26 http://ignca.nic.in/coilnet/kabir055.htm
27 ’कबीर साहेब की शब्दावली’ पहिला भाग, वर्ष-1922, इलाहाबाद, शब्द(1) पृ0-90
28 http://www.kabirproject.org/the%20films
29 http://www.kabirproject.org/the%20films/chalo%20hamara%20des
30 http://www.kabirproject.org/the%20films/had%20anhad
31 http://www.kabirproject.org/the%20films/kabira%20khada%20bazaar%20mein
32 http://www.kabirproject.org/the%20films/koi%20sunta%20hai
33 http://www.kabirproject.org/music%20with%20books
34 http://www.kabirproject.org/music%20with%20books/thumri%20mein%20kabir

A COMPARATIVE STUDY OF CARDIOVASCULAR EFFICIENCY ON SEDENTARY PEOPLE, REGULAR WALKERS AND YOGA PRACTITIONERS

Dr.Ashish Kumar Dubey Assistant Professor in Physical Education Navyug P.G. College, Sultanpur, Uttar Pradesh
Dr. Santosh Kumar Assistant Professor in Physical Education, D.S.B. Campus Kumaun University, Nainital, Uttarakhand

ABSTRACT

The purpose of the study was to compare the Cardiovascular efficiency among sedentary people, regular walkers and yoga practitioners. For this study 40 subjects from each group (sedentary people, regular walkers and yoga practitioners) making a total of one hundred & twenty subjects were selected from the people of all the (five) regions of Utter Pradesh. First group consisted of the subjects, who were regularly undergoing walking for at least 30 to 45 minutes since last three years, second group consisted of the subjects, who were regularly practicing yoga for 30 to 45 minutes since last three years and third group consisted of sedentary people. The age of the subjects ranges from 50 to 55 years. Cardio vascular efficiency was measured by Harvard step test. The data pertaining to this variable had been analysed by using the descriptive statistics i.e., mean & Standard deviation, one way analysis of variance (ANOVA) to find out the significant difference among the means. In case of significant difference then post-hoc test (LSD) was applied in order to determine the significant difference between the paired means. In all the cases, 0.05 significance level was used to test the significance. The result of the present has revealed that there was no significant difference was found between regular walker & yoga practitioners in the dimensions of Cardio-vascular efficiency and significant difference were found between sedentary people & regular walkers and significant difference existed between Sedentary people and yoga practitioners.

KEY WORDS: Cardiovascular efficiency, sedentary people, regular walkers, yoga practitioners

INTRODUCTION

Physical fitness is not only one of the most important keys to a healthy body; it is the basis of dynamic and creative intellectual activity. The relationship between the soundness of the body and the activities of the mind is subtle and complex. Much is not yet understood. But we do know what the Greeks knew that intelligence and skills can only function at the peak of their capacity when the body becomes healthy and strong; then hardy spirits and tough minds usually inhabit a sound body. (John E. Walsh; 1978)[1]. Yoga regards the physical body as an instrument for his journey towards perfection. Yogic exercise not only develops the body but also broadens mental facilities. More ever, yoga acquires mastery over the involuntary muscles of different organs. The fundamental difference between yogic exercise and ordinary physical exercise is that physical exercise emphasis violent movement of the muscle, whereas yogic exercise opposes violent muscle movement as they causing fatigue. In the yogic system, all movements are slow and gradual with proper breathing and relaxation. Yogic exercise pays great attention to the spinal column and other joints. More ever they maintain an even supply of blood to every part of the body. Yogic exercises also do play an important role in the mobilization of the joint and efficiency of the cardiorespiratory system (Swami Kuvalyananda; 1971)[2] . In order to update and clarify the 1995 recommendations on the categories and amounts of physical activity required by healthy adults to enhance and maintain health, associate degree updated report on physical activity and public health, a circulation was revealed in August 2007. The researchers determined that intermittent furthermore as sustained activity may be useful. In alternative words, on days once you cannot fit in a 30-minute walk, you'll be able to still garner fitness edges by taking 2 or shorter walks squeezed in throughout the day. this might appear somewhat confusing to those that ar well conversant in previous recommendations to exercise for a sustained amount of twenty to hour. sweat for a sustained amount of your time remains the most effective method we all know to create enhancements in cardio-respiratory fitness. except for several, sweat for long periods of your time may be daunting. And most United States of America

 Copyright @ 2021 Authors

|folks |people} expertise days once unforeseen events throw off our schedules and stop us from having a solid block of your time for exercise. important health edges may be complete by merely ceasing to sit down and getting down to move. the chance of developing cardiopathy, high pressure level, non-insulin-dependent diabetes mellitus, and colon and breast cancers may be reduced simply by turning into a lot of physically active (W.L. Haskell; 2007)[3]. Walking is wide counseled for its health edges. in line with a recent U.S. physician General report on physical activity and health in America, over 1/2 the U.S. population doesn't participate frequently in any style of exercise and twenty-five % of the adult populations aren't active the least bit. Moreover, though many of us have sky-high commenced vigorous exercise programs at only once or another, most don't sustain their participation. That physical inactivity will result in poor health. The physician General urged Americans to "get in form," encouraging everybody to induce a minimum of common fraction hour of moderately vigorous activity (such as brisk walking) every day. the most recent recommendations recommend that you simply ought to try and walk 2 miles at a brisk pace of 3 to four miles per hour nearly on a daily basis. it's progressively obvious that one amongst the most effective ways that to keep up physiological state is thru physical activity. Regular participation in exercise has been shown to be useful within the hindrance of such killers as cardiopathy, cancer, and polygenic disorder. Exercise additionally helps to manage weight. and since exercise helps to strengthen muscles and bones, it will even decrease your risk of developing diseases like pathology and inflammatory disease (N.C.C.D.P. & H.P; 1999)[4] . It is concerned with the development and maintenance of the fitness components that can enhance health through the prevention and remediation of disease and illness. Health-related fitness enhances one’s ability to function efficiently and maintain a healthy lifestyle. Thus health-related fitness is important for all individuals throughout life (A. Deborah Wuest; 1991)[5].

The purpose of the study was to compare the cardiovascular efficiency among sedentary people, regular walkers, and yoga practitioners.

OBJECTIVES

Following objectives set for the study:

- To study the cardiovascular efficiency of different group of peoples
- To analyses their life style

METHODOLOGY

The 40 subjects from each group (sedentary people, regular walkers and yoga practitioners) making a total of one hundred & twenty subjects were selected from the people of all the (five) regions of Utter Pradesh. First group consisted of the subjects, who were regularly undergoing walking for at least 30 to 45 minutes since last three years, second group consisted of the subjects, who were regularly practicing yoga for 30 to 45 minutes since last three years and third group consisted of sedentary people. The age of the subjects ranges from 50 to 55 years. Cardio vascular efficiency was measured by Harvard step test. The data was been analyzed by using the descriptive statistics i.e. mean & Standard deviation, one way analysis of variance (ANOVA) to find out the significant difference among the means. In case of significant difference, post-hoc test (LSD) was applied in order to determine the significant difference between the paired means. The F-value was set at 0.05 level. All statistical function was performed by the use of SPSS v.16 software.

TABLE- 1 Descriptive Statistics of sedentary people, regular walkers and yoga practitioners.

Variables	**Groups**	**N**	**Mean**	**Std. Deviation**	**Std. Error**
Cardio vascular efficiency	Sedentary People	40	47.0480	9.80975	1.55106
	Regular Walker	40	55.2945	10.46473	1.65462
	Yoga. Practitioner	40	51.5517	9.22277	1.45825

Table-2 Analysis of Variance of sedentary people, regular walkers and yoga practitioner

Copyright @ 2021 Authors

Variables	S. V.	Sum of Squares	df	Mean Square	F
Cardio vascular efficiency	Between Groups	1363.956	2	681.978	**7.036***
	Within Groups	11341.246	117	96.934	

